हर पल शुकर करूँ

हर पल शुकर करूँ,
मेरे साई तू सदा मेरे साथ है,
आएगी मुश्किल नही,
मेरे सर पे साई जी तेरा हाथ है,
हर पल शुकर करूँ....

अपनी दया तूने सदा बरसाई है,
अंग संग चला बन कर परछाई है,
पल पल मुझे तुमने दी,
साई खुशियों से भरी सौगात है,
हर पल शुकर करूँ....

जिंदगी के मुझे नए रस्ते दिखाए हैं,
दबे हुए अरमान फिर से जगाए हैं,
जीवन के अंधियारों में,
रोशनी की करी बरसात है,
हर पल शुकर करूँ....

हर पल बाबा मेरा साथ निभाया है,
मेरी किस्मत तेरा दरबार पाया है,
शर्मा तेरा हो गया,
तेरी ऐसी हुई करामात है,
हर पल शुकर करूँ....

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/29371/title/har-pal-shukar-karu

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |